




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 10 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया







## एक समय आमजन से जुटाते थे चुनावी खर्च

### अब बाहर से आने वाले रुपयों पर रखना पड़ रही नजर




**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कुछ साल पहले और वर्तमान का चुनावी परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है। जहां पहले चुनावी खर्च आमजन से जुटाते थे। अब मामला उलटा हो गया है। अब पुलिस और प्रशासन को बाहर से आने वाले रुपयों पर नजर रखना पड़ रही है। लाखों रुपए नगद और करोड़ो रुपए की शराब जप्त हो रही है। एक समय था, जब चुनाव में आपसी सद्भाव था, आमजन से ही जनसम्पर्क के दौरान खर्च के लिए राशि ली जाती थी। जब बड़ी सभाओं में बड़े नेता आते तो कार्यकर्ताओं में बांट लेते थे कि खाने की व्यवस्था किस-किस के घर में रहेगी। पार्टी में दरी उठाने से लेकर अन्य बाते अब जुमला लगती है। लेकिन, तब यही हकीकत थी। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही चुनाव लड़ा जाता था।

**जनसंघ के समय 13-15 हजार खर्च...**

जनसंघ के समय मतलब 1972 में चुनावी खर्च 13 से 15 हजार रुपए के करीब होता था। उम्मीद्वारों के पास उस समय पैसा नहीं होता था। बड़े-बड़े नेता आते थे तो कार्यकर्ता के घर पर रुकते थे। सामूहिक रूप से कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से खाना लाते और फिर सब नेताओं के साथ बैठकर खाते थे। लोग भी चुनाव में अपने स्तर पर छोटी-मोटी मदद करते थे।

**दस रुपए रोज में की थी बैंड की गाड़ी...**

उस समय चुनाव प्रचार के लिए आज जैसे साधन नहीं थे। इसलिए प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं की मदद से बैंडबाजों की गाड़ी को 10 रुपए रोज में किराए पर ली जाती थी। इसमें लगे माइक से ही प्रचार करने जाते थे। चौराहों पर सभा करते थे। कई बार गाड़ी को भी धकेलना पड़ता था।

**अटलजी ने दिया था10 मिनट का समय...**

1977 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मंदसौर में सभा करने आए थे। रतलाम से ट्रेन पकड़नी थी। उनसे वहां सभा करने का निवेदन किया तो उन्होंने मना कर दिया। लेकिन, जब वे रतलाम पहुंचे तो ट्रेन लेट थी और वे पहले पहुंच गए थे। ऐसे में दस मिनट का समय उन्होंने रतलाम को भी दिया था।

**हर घर जाते थे कार्यकर्ता...**

पार्टी का कार्यकर्ता हर घर पर चुनाव को लेकर दस्तक देता था। लोग भी उनका उसी आत्मीयता से स्वागत करते थे। कहीं कोई द्वेष भावना नहीं थी। आज की तरह गुटबंदी या सांप्रदायिक जैसे शब्द ही नहीं थे। हर कार्यकर्ता अपनी पार्टी के लिए पूरे मन से काम करता और प्रत्याशी को जिताने का प्रयास करता।

## बुआ जी देखो तो सही नेताजी पैदल आए है..!

### बोलेरो से उतर दुपहिया वाहन पर आई नेतानगरी



**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बुआ जी देखो तो सही, नेताजी आज स्कूटर से मोहल्ले में आए हैं। हर घर जा रहे हैं। सबसे हाथ मिला रहे हैं। अच्छे से दर्शन कर लो, फिर पांच साल नहीं आने वाले। लग्जरी कार से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करने वाले नेताजी को अपने बीच देखकर गली-मोहल्लों में ऐसी ही चर्चा शुरु हो गई है।

कोई नेताजी स्कूटर पर कार्यकर्ता को बिठाकर या कार्यकर्ता के स्कूटर पर बैठकर गली-मोहल्लों में पहुंच रहे हैं, तो किसी को पैदल यात्रा पसंद आ रही है। नेताजी घर से तो बोलेरो या महंगी कार में निकल रहे हैं। लेकिन, बस्तियों में जाने से पहले वे दोपहिया वाहनों पर सवार हो जाते हैं। फिर बाइक, स्कूटी में काफिला निकलता है। ऐसे में कई कर्मठ कार्यकर्ता अपने स्कूटर की डिक्की में उनके लिए बॉटल में चाय-पानी, नाश्ता लेकर निकल रहे हैं। ताकि, नेताजी को भूख-प्यास की कोई चिंता न रहे। ऐसे में वर्षों पुराने सेवक उनसे कह रहे हैं, नेताजी एक महीना पसीना बहा लो, फिर पांच साल मजे में ही रहता है।

**गर्मी में हो रहा बुरा हाल...**

महंगी कार से लेकर रेल के सर्वसुविधायुक्त डिब्बे या फ्लाइट का सफर करने वाले नेताजी का स्कूटी, बाइक से गली-मोहल्लों में घूमने या पद यात्रा कर लोगों के बीच पहुंचने के दौरान क्वार माह की गर्मी से बुरा हाल हो रहा है। वर्षों से मैदानी स्तर पर ऐसे दौरों की आदत जो छूट गई है।

## दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी की वारदात

### सोने का हार, टीका और नगदी ले गए बदमाश



**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के नरसिंहपुर क्षेत्र में पानी की टंकी के समीप स्थित बालाजी मंदिर के सामने एक सूने मकान में दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई। बताया गया है कि बदमाश छत के रास्ते घर के अंदर घुसे और अलमारी में रखा सोने का हार, टीका व नगदी ले गए। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। फिलहाल चोरों के बारे में कुछ भी पता नहीं लग पाया है।

जानकारी के अनुसार नरसिंहपुरा क्षेत्र निवासी विजय कुमावत और उसका पूरा परिवार खेत पर गया था। इस दौरान घर सुना था, तभी मौके का फायदा उठाकर बदमाश घर के अंदर घुसे और अलमारी में रखे दो सोने के हार व एक टीका तथा नगदी चुरा ले गए। खेत से जब परिवार घर आया तो घटना का पता लगा। घर में कपड़े बिखरे हुए थे और अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। हालांकि अलमारी में और भी ज्वेलरी रखी थी। लेकिन, बदमाश केवल सोने के हार और टीका ही ले गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआइ अभिषेक पाल ने बताया कि घटनास्थल का मुआयना किया है। बताया जा रहा है की ऊपर से बदमाश घर के अंदर आए और चोरी की वारदात को अंजाम देकर गए हैं। पुलिस मामले के जांच कर रही है। घटना को देखते हुए यह कयास लगाया जा रहा है कि चोरी करने वाले बदमाशो ने पहले पूरी रेकी की थी। उसके बाद मौका देखा और वारदात को अंजाम दे डाला।

## गरोठ में गरबा आयोजकों व प्रशासन में नहीं बनी बात, पांडालों में रहा ब्लैक आउट

**गरोठ, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बरसो से नगर में होने वाले गरबा आयोजन पर दूसरे ही दिन विवाद की स्थिति बन गई। अश्विन नवरात्रि की द्वितीया तिथी सोमवार को चार गरबा पंडालों ने गरबा पूजन किए बगैर ही पांडालों की लाइट बंद कर दी। आयोजकों का आरोप है की पुलिस प्रशासन ने 8 बजे जाकर डीजे संचालकों को हिदायत देते हुए कहा था कि अगर 10 बजे डीजे बंद नहीं हुए तो डीजे जप्त कर लिए जाएंगे। इसके बाद डीजे संचालकों के अंदर घबराहट पैदा हो गई और उन्होंने डीजे बजाने से मना कर दिया। ऐसे में अगर डीजे नहीं बजेंगे तो गरबा किस प्रकार कराया जाएगा। इसी बात को लेकर पंडाल में माता पूजन, आरती और गरबा आयोजन नहीं किया गया और गरबा पंडालों की लाइट बंद कर विरोध किया गया है। गरबा आयोजको ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन नहीं माना तो कल से लगाए गए सभी संसाधनों को हटा लिया जाएगा और गरबा महोत्सव नहीं मनाया जाएगा। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नवरात्रि सहित सभी धार्मिक आयोजनो में आचार संहिता आड़े नहीं आएगी। फिर भी पुलिस प्रशासन की हठधर्मिता से यह स्थिति निर्मित हुई है।



प्रशासन द्वारा आचार संहिता का हवाला देकर धार्मिक, सांस्कृति आयोजन गरबा नृत्य को परंपरा अनुरूप नहीं करने दिया जा रहा है। जिससे नगर में रोष व्याप्त है। नगर में आयोजन नहीं होने पर जल्द शहर बंद रखने की भी चर्चाएं जोर-शोर पर है।

मामले में आयोजक मंडल के जगदीश अग्रवाल ने बताया कि हिंदू धर्म का पवित्र त्यौहार नवरात्रि पर नगर में गरबा का आयोजन आज से नहीं विगत 45 वर्षों से किया जा रहा है। ऐसे में कई बार अचार संहिताओं के बीच आयोजन हुए हैं। लेकिन, प्रशासन जबरन मुद्दा बना रहा है। मध्य प्रदेश कोलाहल अधिनियम में त्योहारों को लेकर छूट दी गई है, साथ ही बीते दिनों चुनाव आयोग द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी त्योहार को आचार संहिता से अलग रखने की बात कही गई थी। इसके बावजूद सामंजस्य नहीं बरता जा रहा है। अनुमति में भी फेरबदल हुआ है। पहली बार प्रशासन ने रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर से अनुमति दी है। जबकि, आयोजन के लिए अनुमति दंडाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी जारी करते हैं। दूसरी तरफ प्रशासन बार-बार हिदायत दे रहा है। गरबो में 40 से अधिक टीमे भाग लेती हैं। अगर किसी टीम को नहीं खिलाया जाए तो भी गलत होगा। ऐसे में सभी चीजों को देखते हुए गरबा नहीं कराने का ही निर्णय लिया है।

पोरवाल नवयुग मंडल के पंकज सेठिया ने बताया कि प्रशासन चुनाव किसके लिए करा रहा है, चुनाव भी तो जनता के लिए ही कराया जा रहे हैं। अगर आचार संहिता के चलते जनता अपने त्यौहार नहीं मना सकती तो ऐसी आचार संहिता को त्योहारों के बाद लगाना चाहिए। यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम तो नहीं है, जिससे चुनाव प्रभावित हो सकते हो। यह धार्मिक आस्था का विषय है, इस पर प्रशासन को नरम रुख अपनाना चाहिए। जिससे जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़े।

**पांडाल सजाने में किए लाखों खर्च, टीमों की तैयारियां भी बेकार जाएगी..?**

नगर में होने वाले गरबा आयोजन के लिए चार समितियो द्वारा पांडाल सजाने में लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। अब ऐन वक्त पर प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय से आयोजो के लाखों रुपए तो बर्बाद होंगे ही साथ ही हजारों रुपए बिगाड़ कर दूर-दूर से आए गरबा खिलाड़ियों की मेहनत पर भी पानी फिरेगा। सोमवार को गरबा नहीं होने से छोटी-छोटी बच्चियां निराश होकर अपने घर गई। गरबा करने वाले खिलाड़ी महंगी-महंगी ड्रेस लेकर गरबे में भाग लेते हैं।






## भैसोदा मंडी में हत्या के ईनामी आरोपी गिरफ्तार



**भानपुरा, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** फिरौती के लिए एक युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे ईनामी आरोपी राजु उर्फ राजकुमार पिता देवीलाल मेघवाल उम्र 25 साल निवासी भैसोंदा और केलाश पिता देवीलाल मेघवाल उम्र 23 साल निवासी भैसोंदा को भैसोदा चौकी पुलिस ने राजस्थान के भीलवाड़ा से पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि भानपुरा के हत्या के चिन्हीत प्रकरण में दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। इस मामले में अन्य आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कप्तान मंदसौर द्वारा दस-दस हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था।

पुलिस ने बताया कि 30 मई 2020 को फरियादी इकबाल निवासी भैसोदा द्वारा पुलिस थाना भानपुरा पर अपने लडक़े ईशाक के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। बाद में भैसोदा गांव से तलाई जाने वाले कच्चे रास्ते पर कुएं में ईशाक का शव मिला। जिसमें ईशाक की हत्या कर कुएं में फेंक दिया गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की। जिसके बाद आरोपी आकाश नायक, लखन माली, कैलाश मेघवाल, बंशी मेघवाल, राजू उर्फ राजकुमार मेघवाल निवासी भैसोदा थाना भानपुरा को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना के दौरान पता चला कि मृतक के पिता से फिरौती की रकम मांगने के उद्देश्य से आरोपियो द्वारा ईशाक का अपहरण कर हत्या की थी। बाद में पांचों की न्यायालय से जमानत हो गई।

न्यायालय में विचारण के दोरान आरोपी राजु उर्फ राजकुमार मेघवाल तथा कैलाश मेघवाल सजा होने के भय से फरार हो गये... शेष पेज 4 पर








# भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मुरडिया का मना जन्मोत्सव

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** शहर के जाने माने प्रतिष्ठित मंडी व्यापारी, सकल जैन समाज मंदसौर के उपसंयोजक एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री संजय मुरडिया का जन्मदिन समाज एवं राजनीति में कार्यरत गणमान्यजन तथा सुभचिंतको द्वारा जगह–जगह हर्ष उल्लास से मनाया गया। श्री मुरडिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रात:काल गोशाला में गौमाता को गुड, गौग्रास कराया इसके पश्चात मंडीगेट में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंदसौर द्वारा खानपुरा में राजेश बोहरा मित्र मंडल द्वारा, महू नीमच रोड पर जुल्फिकार मित्र मंडल द्वारा, महाराणा प्रताप पर रमेश ग्वाला मित्रमंडल द्वारा, फूल मंडी व्यापारी संघ के गुड्डू बसेर सुनील महाबली मित्र मंडल द्वारा, कलाखेत में श्री हेमंत बुलचंदानी, श्री मुकेश सोनी, श्री जितेश पंड्या द्वारा श्री संजय मुरडिया को पुष्पहार पहनाकर केक मिठाई खिलाकर साफा श्रीफल भेंट किया एवं आतिशबाजी कर भव्य रूप से श्री मुरडिया का जन्मुत्सव मनाया गया। जन्मदिन के इस अवसर श्री संजय मुरडिया द्वारा स्नेह भोज का का आयोजन रखा गया।

जिसमे प्रसिद्ध साहित्यकार एवं सकल जैन समाज मंदसौर के संयोजक श्री सुरेन्द्र लोढा, सकल जैन समाज के अध्यक्ष श्री प्रदीप कीमती, कार्यवाह अध्यक्ष नरेंद्र मेहता, उपसंयोजक श्री अशोक मारू, मूर्ति पूजक समाज अध्यक्ष श्री अरविंद बोथरा, विधायक एवं केबिनेट मंत्री मप्र सरकार श्री जगदीश देवड़ा, मंदसौर नीमच जावरा से सांसद श्री सुधीर गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हुडको डायरेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधानसभा से विधायक श्री यशपालसिंह सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री मानसिंह मच्छोपुरिया, स्वर्णकला बोर्ड के सदस्य श्री अजय सोनी, प्रदेश पिछड़ा मोर्चा मंत्री धीरज पाटीदार, जिला पंचायत कृषि समिति सभापति श्री विजय मेहता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री राम कोटवानी, श्री शिवराजसिंह घटावदा, दलोदा मंडल अध्यक्ष श्री विकास सुराणा, पिपलियामंडी मंडल अध्यक्ष श्री समनसिंह सक्तावत, पिपलिया नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष श्री भरत सोनगरा, श्री गौरव अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रफुल यजुर्वेदी, समाजसेवी संतोष शर्मा, श्री कोमल भाफना, मंडी व्यापारी श्री राजेंद्र नाहर, श्री अरविंद बोथरा, श्री भूपेंद्र कोठरी, श्री गोपी पामेचा, श्री सत्तू खंडेलवाल, श्री कृष्ण काबरा, श्री महेश काबरा, श्री पप्पू लदुना, श्री दोधी भाई, श्री सुरेश, श्री भंडारी, श्री पीयूष गर्ग, श्री जितेन्द्र, श्री जीतू अग्रवाल, श्री कमलेश, श्री पप्पू, श्री मनोज विनायक,



श्री संदीप दलाल, श्री कुशल, शिखर मर्चा, श्री अजय डोसी, श्री दिलीप मर्चा, पत्रकारिता क्षेत्र से श्री अशोक झलोया, श्री अजय लोढा, श्री सुधीर लोढा, श्री कोमलसिंह तोमर, श्री आलोक शर्मा, श्री महावीर जैन, श्री पुष्पराज सिंह राणा, श्री विकास तिवारी, श्री आशुतोष नवाल, श्री महेश जैन, श्री मनीष प्रोहित, श्री उमेश नेक्स, श्री अजय तोमर, श्री संभूसेन राठौर, श्री संजय भाटी, दशपुर मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री राजेंद्र नाहर, ट्रांसपोर्ट असोशियां संघ अध्यक्ष श्री सुरेश सेखावत, चेयरमैन ऑफ कॉमर्स श्री अभय डोसी, लर प्रतीक डोसी, सकल जैन समाज के महामंत्री श्री दिलीप रांका, श्री सिद्धार्थ पामेचा, मंत्री श्री अक्षय मारू, महिला प्रकोष्ठ महामंत्री श्रीमती राखी नाहर, मंत्री श्रीमती अमित मुरडिया, श्रीमती अर्पणा प्रदीप जैन, श्री गुरमीत सिंह मक्कड, श्री दलजीत सिंह स्पोर्ट वाले, फूल मंडी अध्यक्ष श्री गुड्डू बसेर, हाजी गुलामनबी शेख, श्री इकबाल हुसैन बेली भाई, श्री मेहमूद नागोरी, श्री अनवर खान पेटीवाला, श्री अखलाक रहमानी, श्री सलीम रेडिमेट, श्री अरशद मेव, श्री जीतू अग्रवाल, श्री बंटी चौहान, श्री बंशी राठौर, श्री रमेश ग्वाला, श्री कपिल भंडारी, श्री विजय पोपट, श्री पुष्पेंद्र भावसार, श्री राजेश बोहरा, पार्षद श्री बब्बू पमनानी, श्री अशोक भंडारी, श्री शैलेन्द्र भंडारी, श्री भूपेंद्र सोनी, श्री राजेंद्र नाहर, श्री अरविंद बोथरा, श्री राजेश सोनी एरावाला, श्री राजू अखेरिया, श्री लोकेंद्र कुमावत, श्री मनोज सांखला, श्री महेश जुनावल, श्री सुनील योगी, श्री सुभाष गंगवाल, श्री गौरव प्रजापत, श्री अंबालाल चौहान, पिंकेश चोरडिया, श्री अनुपसिंह भदौरिया, श्री रमेश काबरा, श्री संजय पंवार, श्री अशोक भावसार, पार्षद सभापति श्रीमती भारती पाटीदार, पार्षद सभापति श्रीमती कोशल्या बंधवार, पार्षद श्रीमती बिंदु चांदी, पार्षद श्रीमती सुनीता गुजरिया, पार्षद सुनीता भावसार, श्रीमती उषा कुमावत, श्रीमती किरण मंडोवरा, श्री भेरूलाल साहू, पार्षद सभापति श्री विक्रम भेरवा, श्री नरेंद्र बंधवार, श्री दीपक जैन, श्री पप्पू जैन, श्री कैलाश जैन, श्री विपुल मेहता, श्री अंशुल मेहता, श्री राकेश दुग्गल, श्री मुकेश सोनी, श्री राजेंद्र मुरडिया, श्री प्रवीण मुरडिया, श्री मुकेश मुरडिया, श्री राजेश डोसी, श्री राकेश डोसी, श्री अर्पित डोसी, श्री सौरभ डोसी, श्री राजन सुराणा, श्री विजय सुराणा, श्री दिलीप मुरड्यिा, श्री नरेंद्र मुरड्यिा, श्री राजेंद्र सुराणा, श्री श्याम पांडे, श्री आसिफ खान, श्री शाहरुख लाल, श्री शाहिद खान, श्री जाफर शाह, श्री रिजवान खान एवं आदिजन उपस्तिथ रहे तथा सभी के द्वारा श्री संजय मुरडिया को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश बोहरा, श्री कपिल भंडारी द्वारा किया गया एवं श्री मेहमूद नागोरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## हनुमान प्रकटोत्सव पर 151 ढोल के साथ होगी बड़े बालाजी की महाआरती, 56 भोग भी लगेगा

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पुराना बस स्टेण्ड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर पर देव दिवाली 11 नवम्बर को भगवान बालाजी महाराज के प्रकटोत्सव के उपलक्ष में 56 भोग लगाया जाएगा तथा विशाल महाआरती की जावेगी।



मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि दिनांक 11 नवम्बर देव दिवाली पर आयोजित 56 भोग महाआरती की शोभा अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की तोप व ताशे, अहमदाबाद की शहनाई व मंदसौर के 151 ढोल बढ़ायेंगे एवं इस दौरान भव्य रंगारंग आतिशबाजी भी की जाएगी। मंदिर समिति ने सभी बालाजी भक्तों से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# रतलाम में निकली चुनरी कलश यात्रा

## हजारों की संख्या में महिलाएं माथे पर कलश लेकर निकली तो मानो थम गया शहर, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने किया स्वागत



**रतलाम, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** नवरात्रि पर मां दुर्गा के 9 रूपों के साथ रतलाम में चुनरी कलश यात्रा निकाली गई हजारों की संख्या में महिलाएं और युवतियां चुनरी की साड़ी पहने माथे पर कलश लेकर निकली तो मानो ऐसा लगा कि रतलाम शहर थम सा गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने चुनरी कलश यात्रा का स्वागत किया।

धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर दौलत पहलवान के नेतृत्व में जवाहर व्यायामशाला अम्बर परिवार ने नवरात्रि पर्व के दूसरे दिवस चुनरी कलश यात्रा निकाली। जवाहर व्यायाम शाला के इस अनूठे आयोजन का मार्ग में जगह- जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसमें महिलाएं चुनरी की साड़ी पहनकर एवं सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। काटजू नगर के श्रमशिविर से शुरू हुई कलशयात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई अलकापुरी चौराहा स्थित चामुंडा माता मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा में सबसे खास एवं बड़ा आयोजन था मांभगवती के9 स्वरूप धारण किये बालिकाओं ने सभी का मन मोह लिया। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जवाहर व्यायामशाला श्रम शिविर से चुनरी पहनकर महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई। यह यात्रा जवाहर व्यामशाला, सैलाना बस स्टैंड, चेतक ब्रिज, राम मंदिर चौराहा, अलकापुरी चौराहा, चामुंडा माता मंदिर पर समाप्त हुई। जहां माँ चामुंडा माता की आरती की गई, दौलत पहलवान द्वारा सर्वप्रथम माता स्वरूप नन्ही बालिकाओं से आरती करवाई गई। अम्बर ग्रुप के मयंक जाट ने बताया कि शहर की धर्म प्राण जनता को धर्म लाभ देने एवं सभी की सुख समृद्धि की मनोकामना के उद्देश्य से अंबर ग्रुप द्वारा चुनरी कलश यात्रा आयोजित की गई हैं। चुनरी कलश यात्रा में शहर की लगभग 1000 महिलाओ ने शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। चुनरी कलशयात्रा को सफल बनाने के लिये जवाहर व्यायामशाला अम्बर परिवार के सुरेश जाट, सन्तोष जाट, सूरज जाट, वैभव जाट, अम्बर जाट, अभिषेक जाट, मयंक जाट, गौरव जाट, अमन जाट सहित अम्बर परिवार के सदस्यों ने रतलाम शहर की धर्मप्रेमी जनता का आभार माना।



## घट स्थापना के साथ शुरू हुआ नवरात्री का पर्व

**लूनाहेड़ा, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** नवरात्रि नौ दिनों का पर्व नगर सहित अंचल में घट स्थापना के साथ शुरू हुआ। लूनाहेडा नीम चौक पर नव दुर्गा गरबा मंडल के तहत गरबों का आयोजन किया गया। यहां प्रतिदिन 8 बजे माता रानी की आरती कर बालिकाओं द्वारा डांडिया रास खेला जाएगा। इस नवरात्रि के नौ दिन तक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान भी किए जा रहे हैं।

# विधानसभा वार ईवीएम मशीनें की गई आवंटित

## ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवंबर को चारों विधानसभा क्षेत्र में मतदान होगा। इसके लिए प्रथम रेंडमाइजेशन के माध्यम से चारों विधानसभा क्षेत्र को ईवीएम मशीन आवंटित की गई। चारों विधानसभा क्षेत्र में 1133 मतदान केंद्र हैं। सभी मतदान के लिए 1340 बैलेट यूनिट, 1340 कंट्रोल यूनिट एवं 1448 वीवीपीएट मशीन आवंटित की गई।

कुल मतदान केंद्र से 18 प्रतिशत बैलट यूनिट, 18 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट एवं 27 प्रतिशत वीवीपेट ज्यादा मशीन आवंटित की गई। प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान व्यय लेखा नोडल द्वारा वीएसटी, एफसीटी, वीवीपेट की कार्य प्रणाली बताई गई। अभ्यर्थियों को किस तरह से खर्च करना है। कहां-कहां से अनुमतियां लेनी हैं। इसके बारे में भी जानकारी दी गई। एमसीएमसी नोडल के माध्यम से यह बताया गया कि पैड न्यूज के अंतर्गत टीवी, समाचार पत्र, रेडियो के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रिंट मीडिया में मतदान के दिन एवं मतदान के एक दिन पूर्व अगर कोई विज्ञापन लगता है, तो उसके लिए अभ्यर्थी को अनुमति लेना आवश्यक है। इसके लिए विज्ञापन प्रकाशन के तीन दिन पूर्व एमसीएमसी समिति को निर्धारित प्रारूप में दो प्रति में आवेदन देना होगा। मतदान के आखिरी 48 घंटे के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। 48 घंटे के पूर्व में अगर कोई इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर विज्ञापन जारी करना हो तो उसके लिए भी एमसीएमसी समिति से विज्ञापन प्रमाणन की आवश्यकता होगी। उसके लिए भी दो प्रति में आवेदन देना होगा। प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान, व्यय लेखा के नोडल, एमसीएमसी नोडल, ईवीएम मशीन नोडल, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत साईकिल रैली कल

**नीमच, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टकर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के नेतृत्वइ में 18 अक्टूबर 2023 को अपरान्हा 3.30 बजे कलेक्टार निवास के सामने से वृहद्ध मतदाता जागरूकता साईकिल रैली आयोजित की जा रही है। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरु प्रसाद ने सभी जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों से साईकिल के साथ मतदाता जागरूकता रेली में अनिवार्य रूप से भाग लेने का अनुरोध किया है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम चौपाल एवं रैली संपन्न



**नीमच, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री गुरू प्रसाद के मार्गदर्शन व रिर्टनिंग अधिकारी विधानसभा मनासा श्री पवन बारिया के आदेश अनुसार ग्राम पंचायत मालखेडा में मतदान केन्द्र क्रमांक 29 पर मतदाता जागरूकता के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम मालखेडा में बंजारा समाज के मतदाता ही निवास करते हैं जो कृषि कार्य के अलावा कम्बल व्यवसाय करने हेतु देश के अन्य प्रांतो मे चले जाते हैं। पिछले विधान सभा चुनाव में गांव में मतदान केन्द्र पर मतदान का प्रतिशत कम रहा था जिसे बढाने के लिये आज ग्राम चोपाल एवं रैली आयोजित कर ग्राम वासीयो से मतदान प्रतिशत बढाने वाले उपायो पर चर्चा की गई तथा मतदान दिवस को मतदान के लिए गांव में उपस्थित रह कर मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। ग्रामवासियो को विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढाने का संकल्प गोपाल कृष्ण परिहार स्वीप सहायक नोडल द्वारा दिलाया गया। कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकर्ता सचिव, सहायक सचिव, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता आदि सभी से प्रतिदिन कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधि करने के निर्देश दिए गए जिसमें रेली, दिवार पर नारे लेखन, मेहन्दी प्रतियोगीता, रंगोली प्रतियोगीता, घर-घर संपर्क व चुनाव के पुर्व पीले चावल देकर आमन्त्रण किया जाना शामिल हैं। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनासा श्री अरविन्द डामोर ने देते हुए ने बताया कि ग्राम पंचायत बालागंज, जमुनियारावजी, भाटखेडीखुर्द, तलाउ, बरलाई, बरखेडा, अल्हेड, दुधलाई, पिपलियाघोटा, जन्नौद, दुरगपुरा, रावतपुरा, लसुडियाआत्री, चुकनी, मोकडी, आमद, पिपलियाहाडी आदि पंचायतो में इसी प्रकार से आयोजन कर मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया।

# ऑनलाइन चालान जमा करने संबंधी प्रशिक्षण सम्पन्न



**नीमच, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** आयुक्त. कोष एवं लेखा म.प्र. भोपाल द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया अंतर्गत ई-चालान जमा करने की सुविधा के संबंध में प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये गये है। इसके तहत जिला कोषालय अधिकारी श्री बृजमोहन सुरावत एवं कोष एवं लेखा लिपिक श्री वेदप्रकाश सिंह सेंगर, द्वारा सोमवार दो सत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया अंतर्गत ई-चालान जमा करने के लिए ऑनलाइन चालान एवं ओ.टी.सी. चालान के संबंध में रिर्टनिंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र नीमच, जावद, मनासा के लिपिक, कम्प्येूटर ऑपरेटर एवं समस्तध आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लेखापाल एवं कम्प्यूपटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन प्रकिया अंतर्गत उम्मीटदवार द्वारा भरे जाने वाले नामांकन फॉर्म को इलेक्ट्रॉ निक रूप से ऑनलाइन भरा जाना है। निर्वाचन हेतु अनिवार्य वांछित शुल्को भी ऑनलाइन जमा की जा सकेगी। किन्तुन निर्वाचन प्रकिया अंतर्गत नामांकन यदि भौतिक रूप से भरा जाता है तो भी साइबर ट्रेजरी पर राशि ओ.टी.सी. चालान से जमा कर सकते है।

# पूर्व सैनिकों का दीपावली मिलन समारोह धर्मराजेश्वर में होगा

## सैनिकों के प्रतिभावान बच्चों को किया जाएगा पुरस्कृत, अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में लिया निर्णय



**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मंदसौर की त्रैमासिक बैठक वरिष्ठनागरिक सदन कार्यालय मंदसौर पर आयोजित हुई।

प्रारंभ में सर्वप्रथम भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात् सभी पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उसके बाद बैठक में पधारे सभी पूर्व सैनिकों का परिचय हुआ। संगठन के संरक्षक भूतपूर्व सैनिक श्रवण कुमार त्रिपाठी द्वारा सैनिकों के सम्मान में संगठन का गीत प्रस्तुत किया गया। बैठक में संगठन के कोषाध्यक्ष दशरथ चौहान एवं पूर्व सैनिक नरेंद्र पाटीदार द्वारा अभी तक हुए संगठन के आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया साथ ही संगठन कि बचत के लिए बचत खाता खुलवाने संबंधित चर्चा हुइ। जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी ने विगत दिनों संगठन द्वारा किये गये कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज हमारा संगठन जिले में सबसे मजबूत संगठन है हमें इसी तरह से मिलकर संगठन के हर कार्य को करना होगा। संगठन से ही शक्ति है। बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अपने अपने सुझाव दिए जिसमें सबसे महत्वपूर्ण सुझाव पूर्व सैनिकों का इस बार दीपावली मिलन समारोह धर्मराजेश्वर (चंदवासा) में रखा जाए दिपावली मिलन समारोह में पूर्व सैनिकों व शहीदों के बच्चों को जो पढ़ाई व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा उन छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाना चाहिए जिससे बच्चों में उत्साह बढ़ाया जा सके। साथ ही निर्णय लिया कि संगठन में अगर किसी भी वीर नारी के परिवार में किसी पुत्री की शादी हो तो संगठन की तरफ से एकजूट होकर शादी समारोह में शामिल होकर उपहार भेंट करना चाहिए। संगठन के सभी सुझाव पर विचार विमर्श के पश्चात संगठन के पदाधिकारियों एवं सभी पूर्व सैनिक के साथ मिलकर अल्पाहार किया भारत माता की जयघोश के साथ बैठक का समापन हुआ।

इस अवसर पर संगठन के मार्गदर्शक पूर्व सैनिक श्रवण कुमार त्रिपाठी, मार्गदर्शक पूर्व सैनिक रतनसिंह शक्तावत, जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष पूर्व सैनिक दशरथ सिंह चौहान, उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक ईश्वरलाल पाटीदार, भानपुरा तहसील प्रभारी दिलीप धनगर, पूर्व सैनिक सहप्रभारी विजय कच्छावा, सुवासरा तहसील प्रभारी विष्णु नारायण, शामगढ तहसील प्रभारी राजेश खारोल, मल्हारगढ तहसील प्रभारी ऋषि राज गुर्जर, पूर्व सैनिक नरेंद्र पाटीदार, पूर्व सैनिक नरेंद्र खटवड़, पूर्व सैनिक दिलीप सिंह सिसोदिया, पूर्व सैनिक सनी भावसार, पूर्व सैनिक धर्मेन्द्र सोनी, पूर्व सैनिक बंशीलाल पाटीदार, पूर्व सैनिक मुकेश सोलंकी, सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के साथ 6 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ 6 आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब के साथ पिपलिया कराड़िया निवासी शेतानसिंह पिता उदेसिंह राजपूत को, झारड़ा चोकी पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ भीलखेड़ी निवासी कन्हैयालाल पिता देवीलाल गुर्जर को, 10 लीटर कच्ची शराब के साथ कितुखेड़ी निवासी राजेन्द्र पिता राधेश्याम मेघवाल को, पिपलियामंडी पुलिस ने 30 क्वार्टर के साथ बरखेड़ापंथ निवासी गणपत पिता दुलीचन्द बलाई को, मल्हारगढ़ पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ थगी गांधीसागर निवासी दशरथसिंह पिता गोकुल मीणा को व 57 क्वार्टर के साथ भीलखेड़ी निवासी सुन्दरलाल पिता बापूलाल गुर्जर को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## विवाद में दम्पत्ति पर सलिए से किया हमला

**पिपलियामंडी, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** जमीन विवाद में दम्पत्ति केसाथ मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। बही पार्श्वनाथ हाल मुकाम खानपुरा मंदसौर निवासी मनमोहन शर्मा ने रविवार को पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पत्नी सरस्वतीबाई के साथ बही पार्श्वनाथ खेत की सोयाबीन फसल निकालने के बाद घर जा रहा था, इसी दौरान कैलाश पिता राधेश्याम पाटीदार मिला और बोला कि तू मेरे खेत से सोयाबीन फसल क्यों ले जा रहा है, कहकर गाली-गलौज की व मारपीट की। लोहे केसलिए से हमला किया, जिससे मेरे व मेरी पत्नी के पांव, हाथ, कलाई, कंधे व कुल्हे पर चोंट आई।

## इंदौर के वारंटी को पिपलिया पुलिस ने पकड़ा

**पिपलियामंडी, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने 8 वर्ष से फरार इंदौर केस्थाईवारंटी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ थानान्तर्गत बरुजना निवासी 63 वर्षीय जिनेश पिता सूरजमल जैन धारा 138 एनआई एक्ट में 8 वर्ष से फरार था। पिपलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजने के आदेश हुए।

# कलेक्टर एवं एसडीएम ने प्रशिक्षण का लिया जायजा



**नीमच, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने एवं एसडीएम डॉ.ममता खेडे के साथ शा.उत्कृष्ट विद्यायालय नीमच में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर एवं एसडीएम ने मतदान दलों के प्रशिक्षण कक्ष में बेंच पर मतदान दलों के कर्मचारियों के साथ बैठकर प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैन ने मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा, कि विधानसभा निर्वाचन-2023 में लगे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एंव वीवीपीएटी के बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यक है। वे ईव्हीएम व वीवीपीएटी के बारे में अच्छी तरह से पूर्वाभ्यास कर लें। जिससे उन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित मतदान कराने में कोई समस्या ना हो।

कलेक्टर श्री जैन ने कहा, कि मतदान दलकर्मी निर्देश पुस्तिका का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से मतदान दलों को मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन विधि लागू करने, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, प्रपत्रों की पूर्ति, मतपत्र लेखा तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में ईव्हीएम व वीवीपीएटी का हेण्ड्आन प्रशिक्षण भी दिया, निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को छोटे छोटे समूह में इलेक्ट्रॉनिक ईव्हीएम व बौचीपीएटी के बारे में विस्तार से समझाईश देते हुए ईव्हीएम व वीवीपीएटी का संचालन भी करवाया गया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 225 | 1572 | 2110 |
| उडद | 61 | 4101 | 9700 |
| सोयाबीन | 7800 | 3400 | 4760 |
| गैहु | 3900 | 2550 | 3150 |
| चना | 130 | 5000 | 6197 |
| मसुर | 294 | 5500 | 6012 |
| धनिया | 303 | 4350 | 6572 |
| लहसुन | 17500 | 7001 | 15001 |
| मैथी | 813 | 5100 | 6521 |
| अलसी | 1466 | 4550 | 5121 |
| सरसो | 230 | 4931 | 5200 |
| तारामीरा | 00 | 00 | 00 |
| इसबगोल | 34 | 14000 | 21500 |
| प्याज | 2000 | 1040 | 2590 |
| कलोंजी | 51 | 11701 | 16321 |
| डॉलर | 37 | 12691 | 14001 |
| तिल्ली | 3 | 12000 | 14400 |
| मटरसुखी | 14 | 1750 | 3925 |
| असालीया | 5 | 7000 | 10269 |

# मंदसौर विधानसभा में कांग्रेस ने तीसरी बार दिया सामान्य वर्ग को मौका

## तीनों बार जैन समाज पर जताया भरोसा, दो बार करना पड़ा हार का सामना

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस ने मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के लिए विपीन जैन को उम्मीदवार बनाया है। इस क्षेत्र के लिए अभी तक हुए 14 चुनावो में से कांग्रेस ने महज दो बार सामान्य वर्ग के उम्मीदवार पर भरोसा जताया है। अब 15वें चुनाव में एक बार फिर सामान्य वर्ग को मौका दिया है। अभी तक तीनो ऐसे चुनाव जिनमें सामान्य वर्ग पर भरोसा किया है, तीनो बार जैन समाज के व्यक्ति को मैदान में उतारा गया है।

विधानसभा में पिछड़े वर्ग की जातियों की बहुतायत के चलते कांग्रेस ने 1957 से लेकर 2018 तक के 14 चुनावों में से 12 में पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों पर ही भरोसा जताया है। 1977 में धनसुखलाल भाचावत व 2018 में नरेंद्र नाहटा को कांग्रेस ने मौका दिया और दोनों ही हार गए। हालांकि तथ्य यह भी बताते हैं कि कांग्रेस को इस सीट से छह बार जीत दिलाने में पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों की ही भूमिका रही है। पांच चुनाव तो अकेले श्यामसुंदर पाटीदार ने ही जीते हैं, एक नवकृष्ण पाटिल ने जीता। कांग्रेस ने 2018 से पहले केवल एक बार 1977 में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा के सामने सामान्य वर्ग से धनसुखलाल भाचावत को मैदान में उतारा था, पर वे 9183 मतों से चुनाव हार गए थे। इधर भाजपा व उसके पहले के विपक्षी दलों हिंदू महासभा, जनसंघ, जनता पार्टी ने हमेशा अगड़ी जातियों के उम्मीदवारों पर ही भरोसा जताया। छह चुनाव भी इन्हीं उम्मीदवारों के भरोसे जीते हैं। इधर एक बार फिर सामान्य वर्ग पर भरोसा कांग्रेस ने जताया है। अब देखना है कांग्रेस का यह रुख क्या परिवर्तन करता है?

### मंदसौर विधानसभा में अबतक ऐसा रहा रूझान

| वर्ष | विजयी | हार | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|
| 1957 | श्यामसुंदर पाटीदार (कांग्रेस) | भगवानदास जैन (हिंदू महा.) | 9138 |
| 1962 | श्यामसुंदर पाटीदार (कांग्रेस) | गजा महाराज (जनसंघ) | 2162 |
| 1967 | मोहनसिंह गौतम (जनसंघ) | श्यामसुंदर पाटीदार (कांग्रेस) | 6088 |
| 1972 | श्यामसुंदर पाटीदार (कांग्रेस) | किशोरसिंह सिसौदिया (जनसंघ) | 8553 |
| 1977 | सुंदरलाल पटवा (जनता पार्टी) | धनसुखलाल भाचावत (कांग्रेस) | 9183 |
| 1980 | श्यामसुंदर पाटीदार (कांग्रेस) | मनोहरलाल जैन(भाजपा) | 1358 |
| 1985 | श्यामसुंदर पाटीदार (कांग्रेस) | मनोहरलाल जैन (भाजपा) | 5181 |
| 1990 | कैलाश चावला (भाजपा) | श्यामसुंदर पाटीदार (कांग्रेस) | 24181 |
| 1993 | कैलाश चावला (भाजपा) | नवकृष्ण पाटिल (कांग्रेस) | 2869 |
| 1998 | नवकृष्ण पाटिल (कांग्रेस) | कैलाश चावला (भाजपा) | 9536 |
| 2003 | ओमप्रकाश पुरोहित (भाजपा) | नवकृष्ण पाटिल (कांग्रेस) | 22909 |
| 2008 | यशपालसिंह सिसौदिया (भाजपा) | महेंद्रसिंह गुर्जर(कांग्रेस) | 1685 |
| 2013 | यशपालसिंह सिसौदिया (भाजपा) | महेंद्रसिंह गुर्जर(कांग्रेस) | 24295 |
| 2018 | यशपालसिंह सिसौदिया (भाजपा) | नरेंद्र नाहटा(कांग्रेस) | 18370 |

## मां-बेटे को घायल कर वाहन चालक फरार

**नीमच, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाईक सवार मां-बेटे घायल हो गए। दोनो घायलो को पहले प्राथमिक उपचार के लिए रतनगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें नीमच के बड़े अस्पताल रैफर किया गया। नीमच के बड़े अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार मनोहर पिता शक्तिनारायण जाति मेघवाल अपनी मां बादाम बाई के साथ अपने गांव चामुंडिया से रतनगढ़ जा रहा था। इसी दौरान रतनगढ़ ग्रिड के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते दोनों मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। फिलहाल दोनों घायलों का उपचार जारी है। मामले में पुलिस हादसे की जांच में जुटी हुई है।

## खेत जाने का रास्ता रोककर की मारपीट

**पिपलियामंडी, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत जाने वाले रास्ते पर रोककर मारपीट करने वाले पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। सूठी निवासी गोपाल पिता लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि ट्रेक्टर लेकर खेत जा रहा था। रास्ते में रमेश पिता कंवरलाल पाटीदार ने रास्ता रोका व बोला कि इस रास्ते से क्यों निकला। कहकर गाली-गलौज की व मारपीट की। जिससे उंगलियों पर चोंट आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# आचार संहिता: पिकअप से जप्त किए 33 लाख नगद

## धुंधड़का हाट में भैंसे बेचकर जा रहे थे मेड़ता राजस्थान

**नीमच, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आदर्श आचार संहिता के चलते प्रशासन द्वारा जिले की सीमाओं पर चेकिंग पॉइंट लगाए गए हैं। चेकिंग पॉइंट पर प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। रविवार की रात में जिले की सीमा में प्रवेश के दौरान टीम ने चेकिंग में लाखों की नकदी पकड़ी है। साथ ही कई लोगों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है। पिकअप में सवार सभी लोग राजस्थान के मेड़ता क्षेत्र से मंदसौर जिले के धुंधड़का हाट में भैंसे बेचकर अपने गांव जा रहे थे।

मिली जानकारी अनुसार चेकिंग के दौरान तीन पिकअप में कुछ लोग मंदसौर की ओर से आ रहे थे। जिन्हें चेकिंग पाइंट पर टीम ने रोककर तलाशी ली। जिसमें 33 लाख से ज्यादा रुपए की नगदी मिली है। जिसे लेकर प्रशासनिक अधिकारी जांच में जुटगए है। बताया जा रहा है की प्रशासन ने तीन पिकअप वाहन से जिन लोगों को पकड़ा है। वह सभी राजस्थान के मेड़ता सिटी के आसपास क्षेत्र के रहवासी हैं। जो मंदसौर जिले के धुंधड़का हाट में भैंसे बेचकर लौट रहे थे। इसी दौरान नीमच जिले की चेकिंग सीमा पर उन्हें पकड़ा गया है। मामले की जानकारी मिलते ही संयुक्त तहसील कार्यालय नीमच पर एसडीम ममता खेड़े भी पहुंची और इस पूरी प्रक्रिया में भाग लिया। मामले में एसडीएम ममता खेड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि चेकिंग पॉइंट पर तीन पिकअप की तलाशी में कुल 33 लाख 44 हजार रूपए पकड़े गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## पोखर में डूबने से दो बच्चों की मौत

**सीतामऊ, 16 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊथाना क्षेत्र के सूर्याखेड़ा में पोखर में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दरअसल पांच बच्चे खेत के पास बने पोखर में नहाने उतरे थे। मृतको की उम्र 11 से 13 वर्ष है।

सीतामऊ टीआई किशोर पाटनवाला ने बताया कि जीवन पिता प्रकाश बंजारा और कमल पिता मुकेश बंजारा निवासी सूर्याखेड़ा गांव में ही स्थित अपने पिता के खेत के पास बने पोखर में नहाने गए थे। इस दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई। इधर बताया जाता है कि तीन और बच्चे इनके साथ थे। जो तैरकर बाहर आ गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शवो को बाहर निकालकर पीएम के लिए पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। बताया जाता है कि कमल दो दिन पहले ही अपने मामा के यहां आया था।

### पिछले साल शामगढ़ में हुआ था जल हादसा...

पिछले साल शामगढ़ थाने के चंदवासा चौकी क्षेत्र के ग्राम तोलाखेड़ी से कुछ महिलाएं फसल काटने के लिए चंबल नदी के टापू पर जाने के दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गई थी। उनमें से दो युवतियो को बचा लिया गया था। जबकि, पांच महिलाओ की डूबने से मौत हो गई। महिलाएं हमेशा की तरह पैदल ही थोड़े पानी में सामने स्थित टापू पर से आ रही थी। इसी दौरान वह रास्ता भटकते हुए गहरे पानी में चली गई थी।

## श्री महाकालेशवर मंदिर से निकली उमा (पार्वती) माता की सवारी,पांच दिवसीय संझा महोत्सव मना

**उज्जैन, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** श्रावण, भादौ, कार्तिक और अगहन मास में भगवान श्री महाकाल नगर भ्रमण पर सवारी में निकलते हैं, लेकिन वर्ष में एक बार अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दूज पर यानी सोमवार को महाकाल मंदिर से माता पार्वती की सवारी निकली । सवारी उमा-सांझी उत्सव के समापन पर निकाली गई । माता ने सवारी के साथ रामघाट पहुंचकर संजा का विसर्जन किया। सवारी शाम 4 बजे शुरू होकर नगर भ्रमण के लिए निकली।



पालकी जैसे ही श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची, मध्य प्रदेश सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के द्वारा श्री उमा माता को सलामी देने के बाद पालकी ने नगर भ्रमण की ओर प्रस्थान किया। पालकी में विराजित भगवान श्री उमा माता के दर्शन लाभ सवारी मार्ग के दोनों ओर खडे श्रद्धालुओं ने लिया। पालकी में श्री उमा माता की रजत की प्रतिमा, व डोल रथ पर गरूड पर माताजी (पीतल की प्रतिमा) तथा भगवान श्री महेश विराजित होकर निकले। सवारी के साथ घुडसवार, पुलिस बल तथा मंदिर के पुजारी-पुरोहित एवं श्रद्धालु भी शामिल थें। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य एवं पुजारी विजय पुजारी ने बताया कि मालवा की लोक संस्कृति एवं परम्परानुसार महाकाल मंदिर में पांच दिवसीय उमा-सांझी का उत्सव का आज समापन हुआ। इसमें पांच दिनों तक प्रतिदिन उमा यानी माता पार्वती का पूजन- अर्चन कर पंडे-पुजारीगण सभामंडप में रंगोली बनाते हैं। भगवान की झांकी सजाई जाती है। इस रंगोली का विसर्जन करने के लिए माता पार्वती खुद चांदी की पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण करते हुए शिप्रा के तट रामघाट पहुंची। यहां पर पंडे-पुजारियों ने पूजन के पश्चात शिप्रा नदी में नाव में बैठकर रंगोली व जवारे का विसर्जन नदी के बीच में किया। धार्मिक प्रक्रिया के उपरांत सवारी नगर भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंची। सवारी में पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, भजन मंडली के साथ चांदी की पालकी में माता पार्वती विराजित थी। माता पार्वती की सवारी का रूट महाकाल की सवारी से बिल्कुल अलग होता है। महाकाल की सवारी मंदिर से गुदरी होकर कहारवाडी से शिप्रा के रामघाट जाती है। और यहां पर पूजन के पश्चात कार्तिकचौक से होकर गोपाल मंदिर आदि नगर का भ्रमण करती है जबकि माता पार्वती की सवारी शाम 4 बजे सभा मंडप में पूजन के पश्चात शुरू होकर मंदिर से सीधे महाकाल घाटी, तोपखाना, दौलतगंज चौराहा, कंठाल चौराहा, सराफा, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए बक्षी बाजार, कार्तिक चौक से होकर रामानुजकोट होते हुए शिप्रा तट रामघाट पहुंची। यहां सवारी पुन: कहारवाडी, बक्षी बाजार, महाकाल रोड होते महाकाल मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई।

## नपा ने सड़कों पर विचरण करने वाले 23 गौवंश को पकड़ा

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने निर्देशानुसार कल 16 अक्टूबर 2023 को 23 गौवंश को पकडकर उसे गौशाला भिजवाया। नपा के स्वास्थ्य अमले ने आजाद चौक, श्री कोल्ड चौराहा, मण्डीगेट, संजीत नाका से गौवंश को पकडा गया। नगर पालिका परिषद गौवंश जो कि सडको पर विचरण करते है। उसके कारण नगर के मेन रोड पर यातायात व्यवस्था बाधित होती है। इस समस्या के सामाधान के लिये नपा परिषद निरंतर सडको पर विचरण करने वाले पशुओ को पकडने का अभियान चला रही हैं नपा का यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री हेमचंद्र शर्मा ने सभी पशुपालको से निवेदन किया है कि वे अपने पशुओ को सडको पर खुला नही छोडेतथा पशुओ को अपने बाडे में ही रखे।

## कलेक्टर ने चार आरोपियों को किया जिला बदर

**नीमच, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्यं सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत चार आरोपियों को छ: माह के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा कडीआंत्री थाना कुकड़ेश्वर निवासी दिलीप पिता हिरालाल बांछ्डा, शेरू उर्फ राजकरण पिता हीरालाल बाछडा को छ:माह के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। इसी तरह एकता कॉलोनी बघाना निवासी फरीदशाह पिता जमील शाह थाना बघाना को छ: माह के एवं गोपाल पिता जितेन्द्र डुंगरवाल निवासी स्कीम नं 7 नीवासी को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त आरोपीगण नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्व सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगें।

## गंगोत्री- यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट इस दिन हो जाएंगे बंद



**रुद्रप्रयाग, 16 अक्टूबर।** चारधाम यात्रा इस समय पूरे चरम पर चल रही है. जहां हर रोज एक नया रिकॉर्ड बन रहा है, वहीं अब चारधाम यात्रा में चारों धामों के कपाट बंद होने की तिथि की एक-एक कर घोषणा शुरू हो गई है. आगामी 14 नवंबर को विधि-विधान के साथ गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

वहीं, 15 नवंबर को भैया दूज के दिन यमुनोत्री धाम और केदारनाथ धाम के कपाट आगामी 6 महीने के लिए बंद हो जाएंगे. भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति शीतकालीन प्रवास श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंचेगी विजय दशमी को ही द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट बंद होने की तिथि श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में और तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट बंद होने की तिथि शीतकालीन गद्दी स्थल मार्कंडेय मंदिर मक्कूमठ में तय होगी। साथ ही श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की तिथि विजय दशमी मंगलवार 24 अक्टूबर को बदरीनाथ धाम में तय की जाएगी।

कपाट बंद होने की तिथि घोषित करने के लिए श्री बदरीनाथ मंदिर परिसर में धार्मिक समारोह आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम के मुताबिक, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय की मौजूदगी में रावल और धर्माधिकारी पंचांग गणना के बाद कपाट बंद होने के शुभ मुहूर्त की घोषणा की जाएगी. इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड ने बताया कि बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने की तिथि तय करने के कार्यक्रम समारोह में यात्रा वर्ष 2024 के लिए मंदिर भंडार की जिम्मेदारी के तहत मंदिर समिति द्वारा हकहकूक धारियों को पगडी भेंट की जाएगी। गंगोत्री धाम के कपाट आगामी 14 नवंबर को अन्नकूट के पावन पर्व और अभिजीत मुहूर्त पर सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर बंद कर दिए जाएंगे. इस बार गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा में श्रद्धालुओं का नया रिकॉर्ड बनने जा रहा है। इस साल अभी तक दोनों धामों में श्रद्धालुओं की संख्या 15 लाख पार पहुंच गई है. गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि 14 नवंबर को गंगोत्री धाम से मां गंगा की डोली रवाना होगी, जो रात्रि प्रवास के लिए भैरों घाटी स्थित देवी मंदिर में पहुंचेगी. वहां मां गंगा विश्राम करेंगी। इसके अगले दिन यानी 15 नवंबर को भैया दूज के पर्व पर मां गंगा की उत्सव डोली 6 महीने बाद अपने मायके मुखबा (मुखीमठ) पहुंचेगी, जहां पर ग्रामीण मां गंगा का स्वागत एक बेटी की तरह करेंगे। शीतकाल यानी 6 महीने तक मां गंगा के दर्शन मुखबा में होंगे. अभी यात्रा करीब 30 दिन और चलेगी।

## मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत निकाली रैली

**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री पीसी चौहान द्वारा बताया गया कि मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत विभाग के मार्गदर्शन में गांधी चौराहे से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शहर के विभिन्न मार्गो गांधी चौराहा से बस स्टैंड, घंटाघर होते हुए महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर समापन किया गया। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं महिला बाल विकास के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

## आइल चोरी का आरोप लगाकर युवक को पीटा

**पिपलियामंडी, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** आइल चोरी का आरोप लगाकर युवक से मारपीट कर बाइक व जीप को तोड फोड कर क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। काल्याखेड़ी निवासी निकील पिता रमेश ने बाछडा ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बीती रात्रि चार अज्ञात व्यक्ति आए ओर बोले कि तू हमारे डीपी में से आइल चोरी करता है, कहकर गाली-गलौज की व मारपीट की। मेरी बाइक (एमपी 14 जेडए 7768) व तूफान जीप (एमपी 14 बीई 0959) में तोड फोड कर क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## रात भर चला सर्च आपरेशन लेकिन फिर भी नहीं मिला तेंदुआ, औद्योगिक क्षेत्र पार करने का अनुमान

**रतलाम, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** रविवार को शहर की रेलवे कालोनी में घुसे तेंदुएं की खोज का अभियान पूरी रात भर चला। लेकिन फिर भी तेंदुए को पकडा नहीं जा सका। सोमवार शाम को अंतिम समाचार लिखे जाने तक भी तेंदुए की कोई खबर नहीं मिली थी। अनुमान है कि तेंदुआ औद्योगिक क्षेत्र में घुस कर औद्योगिक क्षेत्र को भी पार कर चुका है।

उल्लेखनीय है कि रविवार दोपहर को रेलवे कालोनी में तेंदुए द्वारा एक व्यक्ति को घायल किए जाने के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। तेंदुए की खबर मिलने पर वन विभाग का अमला पिंजरे लेकर मौके पर पंहुचा था। वन विभाग द्वारा तेंदुआ पकडने के लिए उज्जैन और इन्दौर से विशेष टीमे बुलाई गई थी,जो देर शाम को रतलाम पंहुच गई थी। ट्रैंक्युलाइजर गन लेकर रतलाम पंहुची इन्दौर और उज्जैन की टीमें और रतलाम वन विभाग की टीमों ने संयुक्त रुप से रविवार की पूरी रात तेंदुए का सर्च आपरेशन चलाया,लेकिन तेंदुए की कोई खबर नहीं मिल पाई। वन मण्डलाधिकारी डीएस निगवाल स्वयं रात भर इस सर्चआपरेशन की मानिटरिंग करते रहे। लेकिन तेंदुए की कोई खबर नहीं मिल पाई। सोमवार दोपहर को तेंदुए को औद्योगिक क्षेत्र में देखे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी वहां भी पंहुचे,लेकिन तेंदुआ वहां से भी निकल गया। डीएफओ श्री निगवाल ने बताया कि तेंदुए को लगातार सर्च किया जा रहा है,लेकिन लगता है कि औद्योगिक क्षेत्र में पंहुचने के वाद वह वहां से भी आगे निकल गया और जंगल की तरफ चला गया। उन्होने कहा कि वन विभाग का अमला सतर्क है। कहीं से भी तेंदुए की सूचना मिलती है,तो वनकर्मी तुरंत उसको पकडने के लिए पंहुच जाएंगे।

## भैसोदा मंडी में हत्या के ईनामी... पेज 1 से जारी

जिनकी गिरफतारी हेतु न्यायालय के द्वारा दोनो आरोपियो के स्थाई वारंट जारी किए। 21 जुलाई 2023 को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भानपुरा जितेन्द्रकुमार पाराशर द्वारा आरोपी आकाश व लखन को घटना का दोषी पाये जाने पर आजीवन कारावास एवं 15-15 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया एवं आरोपी बंशीलाल को साक्ष्य छुपाने का दोषी पाये जाने पर 5 वर्ष के कठौर कारावास व 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये आरोपी कैलाश तथा राजु उर्फ राजकुमार की गिरफ्तारी हेतु मंदसोर पुलिस कप्तान द्वारा 10-10 हजार के ईनाम की उद्घोषणा जारी की गई थी। दोनो आरोपी अपनी पहचान छुपाकर भीलवाडा राजस्थान मे फरारी काट रहे थे। जिन्हें भैसोदा मंडी चौकी पुलिस ने पकड़ा है।


### ✻ उठावना ✻

हमारे बड़े भाई एवं पंकज के पिताजी व अंकित (रोमी) रोहित, प्रीयेश, रजत के बडे पापा एवं मृदुल पलाश के दादाजी श्री छगनलालजी स्व. दाऊलालजी पारख तुलसीदास जी वाले का श्रीजी शरण आज दिनांक 15 अक्टूबर 2023 रविवार को हो गया है जिनका उठावना दिनाक 17 अक्टूबर 2023 को प्रात: 10 माहेश्वरी धर्मशाला नयापुरा पर रखा गया है।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
अशोक, उमेश (पूर्व सभापति एवं अध्यक्ष पारख समाज), प्रमोद एवं राजेंद्र पारख मंदसौर

### ✻ उठावना ✻

मेरी भाभी जी, राजमल , राधेश्याम, विनोद, जगदीश ,प्रहलाद, जयप्रकाश, महेश, हरीश ,कैलाश , जयप्रकाश BR, सुनील ,संदीप, कमल की काकी जी स्व. प्रमोद, मनोहर,प्रहलाद , योगेश की माताजी व चेतन ,शुभम ,सोमेश, गौरव, यश की दादीजी एवं शावलिन , तनुष्क की परदादी जी श्रीमती सीता देवी (धर्मपत्नी स्व.रमेश चन्द्रजी गर्ग)लक्ष्मी ऑयल मिल वालों का स्वर्गवास दिनांक 15/10/23 रविवार को हो गया है जिनका उठावना दिनांक 17 / 10 /2023 मंगलवार को प्रात: 11:00 बजे फतेहपुरिया अग्रवाल धर्मशाला नेहरू बस स्टैंड मंदसौर पर रखा गया है



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
सूरजमल गर्ग एवं समस्त गर्ग (केडिया) परिवार


## राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ




**मंदसौर, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** 67 वी राज्य स्तरीय शालेय बेसबॉल एवं हॉकी प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक/ बालिका वर्ग का शुभारंभ 16 अक्टूबर 2023 को डाईट परिसर मंदसौर मैं हुआ यह प्रतियोगिता 19 अक्टूबर तक चलेगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतम सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर, अध्यक्षता जिला खेल एवं युवा कल्याण जिला कीड़ा अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने की अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर की छात्राओं द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री बी. एल . बारीवाल, श्रीमती विनीता प्रधान प्राचार्य उत्कृष्ट, श्री अशोक शर्मा एवं सभी संभाग से आए हुए जनरल मैनेजर द्वारा किया गया। जिसमें उज्जैन, इंदौर, भोपाल, रीवा, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, आदिवासी विकास, सागर, शहडोल सभी संभाग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु मंदसौर पहुंचे हैं जहां हॉकी ग्राउंड एस्ट्रो तरफ पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। छात्रा खिलाड़ी तनीषा चौहान द्वारा उपस्थित सभी खिलाडियों को शपथ दिलाई गई । मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराकर खेल प्रारंभ करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर संभागीय क्रीडा अधिकारी श्रीमती संतोष परिहार का सेवानिवृत्ति पूर्व शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में आज के मैच के रिजल्ट पहला मैच जबलपुर और इंदौर के बीच खेला गया जिसमें इंदौर 3- 0 से विजेता रही, दूसरा मैच नर्मदापुरम वर्सेस आदिवासी विकास के बीच खेला गया जिसमें आदिवासी विकास 2- 1 विजेता रही, तीसरा मैच भोपाल वर्सेस सागर संभाग के बीच खेला गया जिसमें भोपाल 8-0 से विजेता रहा । बालक वर्ग में पहला मैच ग्वालियर वर्सेस नर्मदा पुरम के बीच खेला गया जिसमें ग्वालियर 14- 0 से विजेता रहा, दूसरा मैच आदिवासी विकास एवं भोपाल के बीच खेला गया जिसमें भोपाल 3-0 से विजेता रहा, चौथा मैच इंदौर वर्सेस सागर के बीच मैच खेला गया इंदौर 9-0 से विजेता रहा। उक्त जानकारी हॉकी कोच अविनाश उपाध्याय ने दी। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आज प्रथम दिवस में हॉकी कोच रवि कोपरगांवकर, वैभव चौरसिया, मीत चौहान, पहलाद राठौर, नरेंद्र सेन, शाहिद नूर, परवेज अहमद द्वारा मैच खिलाए गए। आब्जर्वर के रूप में प्रशांत त्रिवेदी और प्रतियोगिता डायरेक्टर रमेश ओझा उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

## सैलाना पुलिस की बड़ी सफलता...

### 26 लाख रु. से अधिक मूल्य की 36 किलो चांदी जब्त

**रतलाम, 16 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** जिले की सैलाना पुलिस ने एक बडी सफलता प्राप्त करते हुए 26 लाख रु. से अधिक कीमत की 36 किलो से अधिक चांदी जब्त की है। जब्त की गई बिना बिल की चांदी राजस्थान ले जाई जा रही थी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सैलाना थाना प्रभारी अयूब खान को मिली एक मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस दल ने सैलाना बायपास से राजस्थान जा रही एक यात्री बस को रोक कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान दो व्यक्तियों के बैग से 36 किलो 8 सौ ग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद हुई। उक्त चांदी आगरा निवासी बहादुर सिंह पिता खुन्नीराम धाकड 48 और उसका भाई प्रतापसिंह धाकड 45 की थी। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होने पुलिस को बताया कि वे ये चांदी बांसवाडा ले जा रहे थे। चांदी का बिल मांगे जाने पर दोनो भाई किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। पुलिस ने उक्त चांदी को जब्त कर लिया है। जब्त की गई चांदी की कीमत 26 लाख रु. से अधिक है।


N OTICE

I "Sakina Sirajuddin'' W/o Sirajuddin Residence of House No.-93, Near Burhani Hall, Burhani Nagar Mandsaur Have Changed My Name as "SAKINA RANGWALA" For all future purposes.

Your Sincerely
SAKINA RANGWALA W/o SIRAJUDDIN
House No.-93, Near Burhani Hall, Burhani Nagar
Mandsaur (M.P.) 458001

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन
डॉ. परीक्षित शर्मा
एम.डी. (स्कीन)
शनिवार दिनांक 21 अक्टूबर को शाम 5 से रात 8 बजे तक
रविवार 22 अक्टूबर को सुबह 9 से दोप. 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in